केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

क.जे.सोमैया परिसर

विद्याविहार मुम्बई ७

प्रतिवेदन

राष्ट्रीय सेवा योजना

मेरा पहला वोट देश के लिए

१४.०३.२०२४

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, क. जे. सोमैया परिसर, मुम्बई में दिनांक 14.03.2024 को अपराह्ण 04.00 बजे **राष्ट्रीय सेवा योजना** के अन्तर्गत **मेरा पहला वोट देश के लिए** इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन से हुई । पश्चात् दयानन्द मिश्रा, शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष ने वैदिक मंगलाचरण की प्रस्तुति की ।

डॉ. फणिप्रसाद, सहायकाचार्य शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि का परिचय करवाते हुए सभी का स्वागत किया ।



कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डॉ. रंजय कुमार सिंह ने वोट देने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है । इस विषय का प्रतिपादन राजनीतिशास्त्र एवं भारतीय संविधान के आलोक में किया तथा उपस्थित सभी छात्रों को क्षेत्र, भाषा, संस्कृति, जाति, वर्ग से ऊपर उठकर केवल देश के लिए मतदान करने का आह्वान किया ।

परिसर के व्याकरण विद्याशाखा के अध्यक्ष तथा परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. बोध कुमार झा ने मतदान के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए इस तरह के कार्यक्रम की उपयोगिता को रेखांकित किया ।

Scanned with OKEN Scanner



पश्चात् कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. शंकर आंधळे, सहाकाचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग ने **मेरा पहला वोट देश के लिए** शपथ ग्रहण करवाया ।



इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन श्री. लक्ष्मणेन्द्र, सहायकाचार्य शिक्षाशास्त्र विभाग ने तथा संचालन डॉ. शंकर आंधळे, सहाकाचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया ।

शान्तिमन्त्र के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई । इस अवसर पर सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे ।

भवदीय

डॉ. दशरथ (रासागर)
संयोजक

(प्रो. बोध कुमार झा) 15/03/24
प्र. निदेशक

Scanned with OKEN Scanner